# साँवरिया | By Rahul Sanwra

सांवरिया.............

कैसा ये जादू तूने किया रे
लगता नहीं है मेरा जिया रे
सांवरिया............हाय
सांवरिया............

मेरा दिल दीवाना हुआ प्रेम में तेरे हाय प्रेम में तेरे
नज़रे हमारी तुझपे ही ठहरे हाय
रोग ये कैसा तूने दिया रे
एहसास मीठा मीठा मैंने किया रे हाय
सांवरिया............हाय
सांवरिया............

तेरी मुस्कराहट तेरा मुरली बजाना हाय मुरली बजाना
रातो को चुपके से सपने में आना हाय
निकला सांवरिया तू छलिया रे
रंगीला है तू रंग रसिया रे हाय
सांवरिया............हाय
सांवरिया............

घडी घडी हर घडी तेरा ख्याल है हाय तेरा ख्याल है
होश खुद का ना रहा मेरा ये हाल है हाय
जब तक ना देखे तुझे ये अँखियाँ रे
बेचैन रहता कुंदन मेरा हिया रे हाय
सांवरिया............हाय
सांवरिया............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%81%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-rahul-sanwra/